**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**12.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला की लिफ्ट पार्किंग के पास हिम ईरा की पहल के तहत हिमाचल हाट का शिलान्यास किया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित किए जा रहे इस हाट में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित पारंपरिक उत्पादों को बिक्री के लिए रखा जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हाट मेहनती और हुनर मंद महिलाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में सरकार का एक और मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि हर महिला को आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिम ईरा से जुड़ी महिलाएं अपने हाथों से बने उत्पादों के जरिए देश में अपनी पहचान बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह और विधायक हरीश जनारथा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

**प्रसारण दिवस**

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिवस हर वर्ष 12 नवंबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रेडियो से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रसारण के इतिहास में आज का दिन एक ऐसा ऐतिहासिक दिवस है जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1947 में दिल्ली स्थित प्रसारण भवन का पहला और एकमात्र दौरा किया था। गांधी जी ने दीपावली पर एक विशेष प्रसारण के माध्यम से पाकिस्तान में विस्थापित और कुरुक्षेत्र में ठहरे हुए शोकाकुल भारतीयों को संबोधित किया था।

मैं रेडियों से बोलू आपके लिए और आपके सामने तो अच्छा होगा जब पीछे जा सकता हूं तो जाऊ तो मैं तो आपके पास आने की कोशिश कर रहा हूं। मैंने कुछ भी हिंदुस्तान की सेवा की है या तो कहूं तो जगत की क्योंकि मेरे पास हिन्दूस्तान और जगत कोई अनोखी चीज नहीं है। अगर हिंदुस्तान की सेवा करता हूं तो उससे मार्फत भी सारे जगत की सेवा करना यह मेरे जीवनभर का मंत्र है।

मार्च 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक संबोधन मन की बात के 100वें एपिसोड के अवसर पर आकाशवाणी ने उसी स्टूडियो को बापू स्टूडियो के रूप में लोकार्पित किया। लोक सेवा प्रसारण दिवस, प्रसारकों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों और शिक्षाओं को देश के कोने–कोने तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है।

---

**एलायंस एयर**

कुल्लू से चंडीगढ़ के बीच करीब दो साल के अंतराल के बाद एलायंस एयर हवाई सेवाएं शुरू हो गई है। इस हवाई सेवा के शुरू होने से अब स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटकों व कारोबार से जुड़े लोगों को लाभ पहुंच रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता।

..............................................................................

**सम्मान**

व्यापार सुगमता सुधारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने प्रदेश को सम्मानित किया है। यह पुरस्कार केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयुष गोयल ने कल नई दिल्ली में राज्य सरकार की ओर से आवासीय आयुक्त अजय यादव को प्रदान किया। राज्य को यह पुरस्कार तीन प्रमुख क्षेत्रों निर्माण अनुमति सुगमता, सेक्टर विशिष्ट स्वास्थ्य सेवा और सेवा क्षेत्र में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के लिए दिया गया। यह उपलब्धि निवेश को प्रोत्साहित करने, पारदर्शी शासन व्यवस्था लागू करने और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने की दिशा में राज्य सरकार के सतत प्रयासों का परिणाम है।

..............................................................................

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि आपदा प्रभावित स्कूल भवनों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्यों को प्रदेश सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है। शिमला में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इस मानसून सीजन के दौरान प्रदेश के लगभग एक हजार 4 सौ 11 शैक्षणिक संस्थानों को एक सौ 26 करोड़ रूपए से अधिक की क्षति का आकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की शिक्षा वाधित न हो इसके मद्देनज़र उपनिदेशकों को शिक्षण संस्थानों के पुनर्निमाण और मरम्मत कार्यों के लिए हिमुडा को धनराशि शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

..............................................................................

**वाटरशेड महोत्सव**

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश में 11 नवंबर से 16 दिसंबर तक वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग के एक प्रवक्ता ने आज शिमला में बताया कि इस दौरान भूमि पूजन, लोकार्पण और वाटरशेड पुनरुत्थान मिशन का शुभारंभ जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी ब्लॉकों में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत वाटरशेड विकास घटक के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

..............................................................................